C. S. (Main) Exam : 2011

**Serial No.** | **C–DTN–L–NTB**

# MEDICAL SCIENCE

## Paper—II

*Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300*

### INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos. 1 and 5 which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

*Wherever required, the candidates may use coloured pencils for drawing sketches and diagrams in the answer book.*

---

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

## SECTION—A

1. (a) Discuss the diagnosis and treatment of visceral leishmaniasis. 5+10=15

   (b) Describe complications and management of acute meningococcal meningitis. 5+10=15

   (c) Write short notes on :

   (i) Cold chain

   (ii) Measles, Mumps, Rubella Vaccine.

   8+7=15

   (d) (i) A 2-year old child weighing 10 kg presented with fever of two months duration, cough, loss of weight and enlarged lymph nodes in the neck. There was no B.C.G. scar. Mantoux test was positive (15 mm induration). Discuss the diagnosis and outline the management of this case.

   (ii) A one year old boy presented with high grade fever and convulsions of one day duration. Discuss the diagnosis and management of this child. 8+7=15

2. (a) Enumerate common aetiological conditions for acute renal failure (ARF) in India. Discuss, in brief the management of ARF. 8+12=20

   (b) Enumerate the classical histopathological features of Psoriasis vulgaris and their clinical correlation.

   15+5=20

## खण्ड—क

1. (a) अंतरांग लीशमैनियता के निदान (डायग्नोसिस) तथा चिकित्सा की व्याख्या करें। 5+10=15

(b) तीव्र मेनिंगोकॉकसी मस्तिष्कावरण शोथ की जटिलताओं तथा प्रबंधन का वर्णन करें। 5+10=15

(c) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :

(i) शीत शृंखला

(ii) खसरा, कनफेड़, रूबेला (एम.एम.आर.) वैक्सीन। 8+7=15

(d) (i) एक 2-वर्षीय बालक जिसका वजन 10 kg है, दो माह पुराने ज्वर, खांसी, वजन घटने और गर्दन में लसिका पर्व वृद्धि के साथ आता है। उसके शरीर पर B.C.G. का क्षत-चिह्न नहीं है। उसका मान्टू परीक्षण पॉज़िटिव है (दृढ़ीभवन 15 mm है)। इस बालक के रोग-निदान (डायग्नोसिस) तथा प्रबंधन की रूपरेखा की व्याख्या करें।

(ii) एक 1-वर्षीय बालक उच्च श्रेणी (हाई ग्रेड) ज्वर के साथ आता है और उसे एक दिन से आक्षेप हो रहे हैं। इस बालक के निदान (डायग्नोसिस) तथा प्रबंधन की व्याख्या करें। 8+7=15

2. (a) भारत में तीव्र वृक्क पात (ARF) की सामान्य हेतुकी अवस्थाओं के नाम गिनाइए। ARF के प्रबंधन की संक्षेप में व्याख्या करें। 8+12=20

(b) सोरायसिस वल्गेरिस की ऊतकविकृति विशेषताएं गिनाते हुए उनके रोगलक्षण सहसंबंधों की व्याख्या करें। 15+5=20

(c) A three year old boy presented with swelling of the face, oedema of the feet and abdominal distension of two weeks duration. Urine examination revealed albumin was ++++. Discuss the diagnosis and management of this child. 20

3. (a) Describe the clinical features and medical management of hyperthyroidism. 10+10=20

(b) How will you manage a case of Stevens-Jhonson Syndrome in an adult ? 20

(c) A 25 day old baby presented with fever, loose stools, vomiting and refusal to accept feeds. C.R.P. was positive.

Discuss the diagnosis and management of this baby. 20

4. (a) Enumerate various coronary risk factors. Describe the management of acute myocardial infarction in the emergency room. 8+12=20

(b) Enumerate the various anti-scabetic drugs and the precautions to be taken to prevent the spread of scabies in healthy contacts. 15+5=20

(c) (i) Enumerate common acyanotic heart diseases in pediatric practice.

(ii) Describe the salient clinical features of ventricular septal defect. 10+10=20

(c) एक 3-वर्षीय बालक को पिछले दो सप्ताह से चेहरे पर सूजन है, पांवों का शोफ है तथा उदरीय आध्मान है। उसकी मूत्रीय जांच करने पर ऐल्बुमिन ++++ है। इस बालक के निदान (डायग्नोसिस) एवं प्रबंधन की व्याख्या करें। 20

3. (a) अवटु अतिक्रियता की रोगलक्षण विशेषताओं तथा चिकित्सकीय प्रबंधन का वर्णन करें। 10+10=20

(b) वयस्क व्यक्ति में स्टीवेन्स-जॉनसन संलक्षण का प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 20

(c) एक 25-दिवसीय शिशु ज्वर, पतले पखाने, वमन के साथ आपके पास लाया जाता है। यह शिशु दूध भी स्वीकार नहीं कर रहा है। उसका C.R.P. पॉजिटिव है। इस शिशु के निदान तथा प्रबंधन की व्याख्या करें। 20

4. (a) विभिन्न हृद्धमनी जोखिमकारी तत्वों को गिनाइए। आपात चिकित्सा कक्ष में तीव्र हृद्पेशी रोधगलन के प्रबंधन का वर्णन करें। 8+12=20

(b) स्केबीज-रोधी विभिन्न औषधियों के नाम गिनाइए। उन सावधानियों के बारे में बताइए जिन्हें व्यवहार में लाने से संपर्क में आने वाले स्वस्थ व्यक्ति स्केबीज से बचे रह सकते हैं। 15+5=20

(c) (i) बच्चों में पाए जाने वाले आम अश्याव हृदय रोगों के नाम गिनाइए।

(ii) निलय पट दोष की प्रमुख रोगलक्षण विशेषताओं का वर्णन करें। 10+10=20

## SECTION—B

5. (a) How would you manage a 50-year old man admitted with dyspnoea following blunt trauma to the chest ? 15

   (b) Enumerate the complications of liver abscess. How would you manage a 40-year old diabetic with suspected liver abscess in left lobe of liver ? 5+10=15

   (c) Define Primary and Secondary Infertility. How will you investigate a case of Primary Infertility ? 15

   (d) What are the causes of Post-Menopausal Bleeding ? How would you investigate a case of Post-Menopausal Bleeding ? 15

6. (a) Write about Revised National Tuberculosis Control Programme. 20

   (b) Describe public health sector and private sector health care delivery systems in rural area of India and comment on their functioning. 20

   (c) Write briefly about key strategies of National Rural Health Mission. Describe the roles and responsibilities of an Accredited Social Health Activist. 12+8=20

7. (a) How would you manage a 40-year old lady with stag-horn calculus in left kidney ? 20

   (b) How would you investigate a 30-year old lady admitted with dry gangrene of right index finger ? 20



(Contd.)

## खण्ड—ख

5. (a) एक 50-वर्षीय पुरुष जिसे वक्ष का स्थूल अभिघात हुआ है और वह कृच्छ्रश्वसन के साथ भर्ती हुआ है, उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 15

(b) यकृत विद्रधि की जटिलताएं गिनाइए। एक 40-वर्षीय मधुमेही जिसे यकृत के वाम खण्ड में विद्रधि होने की शुबहा है, उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 5+10=15

(c) प्राथमिक तथा द्वितीयक बन्ध्यता की परिभाषा दें। एक प्राथमिक बन्ध्यता के मामले की जांच आप कैसे करेंगे ? 15

(d) रजोनिवृत्ति-पश्च योनि रक्तस्राव के क्या-क्या कारण हो सकते हैं ? रजोनिवृत्ति-पश्च योनि रक्तस्राव के मामले की जांच आप कैसे करेंगे ? 15

6. (a) संशोधित राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में लिखें। 20

(b) ग्रामीण भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं तथा निजी स्वास्थ्य सेवाओं का वर्णन करें तथा उनकी कार्यप्रणाली पर टिप्पणी करें। 20

(c) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की प्रमुख-प्रमुख रणनीतियों के संबंध में संक्षेप में लिखें। अधिकृत सामाजिक स्वास्थ्य एक्टिविस्ट की भूमिकाओं और दायित्वों का वर्णन करें। 12+8=20

7. (a) एक 40-वर्षीय महिला जिसके वाम वृक्क में मृग-शृंग अश्मरी है, उसका प्रबंधन आप कैसे करेंगे ? 20

(b) एक 30-वर्षीय महिला दक्षिण सूचक अंगुलि (तर्जनी) में शुष्क कोथ के साथ भर्ती हुई है, उसकी जांच आप कैसे करेंगे ? 20

(c) How would you investigate a 16-year old patient admitted with repeated episodes of haematemesis ? 20

8. (a) Write down aetiology of uterine prolapse. Briefly describe the supports of the uterus. What are symptoms, signs and management of 3rd degree uterine prolapse in a woman of 42-years age, who has completed her family ? 20

(b) Define Dysfunctional Uterine Bleeding (D.U.B.). How will you diagnose a case of Metropathia Haemorrhagica ? Briefly write the management of Metropathia Haemorrhagica. 20

(c) Write down indications of Lower Segment Caesarean Section (L.S.C.S.). How will you suspect the impending scar rupture ? What are the advantages of L.S.C.S. over Classical Caesarean Section ? 20

(c) एक 16-वर्षीय रोगी जिसे बार-बार रक्तवमन हो रहा है, उसकी जांच आप कैसे करेंगे ? 20

8. (a) गर्भाशय भ्रंश की हेतुकी का वर्णन करें। गर्भाशय के आवलम्बनों के विषय में संक्षेप में लिखें। एक 42-वर्षीय महिला जिसने अपना परिवार पूरा कर लिया है तीसरी श्रेणी के गर्भाशय भ्रंश से पीड़ित है। उसके लक्षणों, चिह्नों तथा प्रबंधन के विषय में लिखें। 20

(b) अवक्रियाजन्य गर्भाशय रक्तस्राव की परिभाषा दें। रक्तस्रावी गर्भाशय-विकृति के मामले का निदान (डायग्नोसिस) आप कैसे करेंगे ? रक्तस्रावी गर्भाशय-विकृति के प्रबंधन के विषय में संक्षेप में लिखें। 20

(c) निम्न खंड सिजेरियन छेदन (L.S.C.S.) के चिकित्सीय संकेत लिखें। आप क्षत-चिह्न के सन्निकट विदार की कैसे शुबहा करेंगे ? L.S.C.S. के चिरसम्मत सिजेरियन छेदन की तुलना में क्या-क्या लाभ हैं ? 20

Serial No. | C–DTN–L–NTB

# चिकित्सा विज्ञान

## प्रश्न-पत्र—II

समय : तीन घण्टे | पूर्णांक : 300

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अन्त में दिये गए हैं।*

*आवश्यकता पड़ने पर परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तक में रेखाचित्रों/नक्शों तथा आरेखों के लिए रंगीन पेंसिल का प्रयोग कर सकते हैं।*

***Note :*** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*